# देश और हरियाणा प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा : नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक तरफ देश की जनता के पास नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है तो दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके पास नेतृत्व ही नहीं है। विकास के लिए मोदी सरकार ने अनेकों काम किए हैं। यही वजह है कि आज देश और हरियाणा प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेक्टर-13 में संदीप गुप्ता के निवास पर पहुंचे थे। इस अवसर पर कार्यकताओं व उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया



और भरोसा दिलाया कि करनाल में इस बार दो कमल खिलेंगे। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा और देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। इसके अलावा करनाल विधानसभा उप चुनाव में जनता भाजपा का साथ देगी।

सीएम ने कहा कि हरियाणा में जिस तरह से मनोहर लाल ने काम किया।

जन-जन उसकी तारीफ करता हुआ दिखाई देता है। मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं और परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा प्रदेश को आगे ले जाने का काम किया है। अब यह जिम्मेदारी मुझ पर है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की गति को रूकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता मनोहर लाल को करनाल से एक बड़ी जीत दिलवाकर संसद में भेजेगी और विधानसभा उप चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भाजपा नेता जगमोहन आनंद, शशिपाल मेहता, वीर विक्रम कुमार, दीपक गुप्ता, अमरजीत चावला, बृज गुप्ता, विपिन गुप्ता, सोहन सिंह राणा, रमेश चंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

**दावा**

8 मनोहर ने प्रधानमंत्री की योजनाओं और परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश को आगे ले जाने का काम किया

# भाजपा ने हर वर्ग की भलाई के लिए काम किया: सुमन सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में ऐतिहासिक कार्य किए। उनके आदर्शो पर ही चलते हुए करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश को आगे बढ़ाया और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उन कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को चुनें। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा से उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी



को अपना आशीर्वाद दें और विकास के लिए मतदान जरूर करें। सुमन सैनी बुधवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुई। सुमन सैनी सेक्टर-9 में एसपी चौहान, निर्मल विहार में जय नारायण, गोविंद कालोनी में मनोज वैद व उत्तम नगर में खुर्शीद आलम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने कहा कि वे मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में देश की भलाई के लिए कार्य किया।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी बनाते हैं देश के लिए योजना और विरोधी बना रहे परिवार के लिए योजना झ निर्मल बैरागी



**पानीपत , कमाल हुसैन**

**लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत पिछड़ा वर्ग आयोग की निर्मल बैरागी ने पानीपत शहर की विभिन्न कॉलोनियों में छह स्थानों पर जाकर लोगों को भाजपा के हक में अधिकतम मतदान करने के लिए प्रेरित कियो शहरवासियों की ओर से सभी स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया और सभी नुक्कड़ सभाओं में वंदेमातरम्, भारत माता की जय और फिर एक बार मोदी सरकार–अबकी बार 400 पार के नारे लगते रहे इन जन सभाओं को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा, पूर्व मेयर अवनीत कौर, वरिष्ठ भाजपा नेत्री कुसुम भट्ट, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सोनिया गाबा, संतोष, सीमा और कविता नैन ने भी संबोधित किया` निर्मल बैरागी ने कहा कि यदि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाना है और भारत को तीसरी विश्व आर्थिक शक्ति बनाना है तो एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार को लाना समय की सबसे बड़ी मांग है पूरे भारत में इस समय मोदी मैजिक लहर चल रही है उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है` राष्ट्र के लिए अगाध प्रेम और राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति अटूट भरोसे की लहर राष्ट्रीय स्तर पर चल रही है लोकतंत्र के इस महाकुम्भ में प्रत्येक नागरिक अपना पूर्ण सहयोग दे` उन्होंने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण, जातिवाद, परिवारवाद के खिलाफ कार्य करती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं सबका साथ लेकर सबके विकास की योजना बनाते हैं जबकि विरोधी पार्टियाँ जातिवाद, परिवारवाद और पुत्र मोह से बाहर नहीं निकल पा रही हैं` महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा ने कहा कि मोदी सरकार ने गत 10 वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के कड़े कानून लागू किए हैं

# कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने भरा नामांकन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने आज लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा नामांकन भरवाने के लिए पहुंचे। नामांकन से पूर्व सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हुडा ग्राउंड में एकत्रित हुए, जहां पर दिव्यांशु ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और नामांकन के लिए लघु सचिवालय पहुंचे। भूपेंद्र हुड्डा, उदयभान, कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी व पूर्व विधायकों के साथ-साथ सैकडों समर्थक साथ खड़े देख दिव्यांशु में अलग ही जोश नजर आया। उल्लेखनीय है कि हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा पर कांग्रेस ने दांव खेला है। पूर्व सीएम मनोहर लाल पंजाबी समाज से हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना केंद्रों का दौरा कर दिशा निर्देश दिए

**निरीक्षण**

8 निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया एवं पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने संयुक्त रूप से बुधवार को आर्य कॉलेज परिसर में बनाए गए मतगणना केंद्रों का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर



सीसीटीवी लगाए गए हैं इसलिए मतगणना केंद्रों पर तैनात सभी पुलिस कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि जो भी अधिकारी मतगणना केंद्रों का दौरा करें उससे हस्ताक्षर जरूर करवाएं। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्रों पर शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए ताकि मतगणना में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि सभी मतगणना केंद्र 24 घंटे सीसीटीवी से लैस हैं।

आर्य कॉलेज के खेल के मैदान के सभागार में समालखा और इसराना विधानसभा से संबंधित मतगणना केंद्र और आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पानीपत ग्रामीण व आर्य कॉलेज के सभागार में पानीपत शहरी विधानसभा का मतगणना केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मतगणना केदो में बाहरी आगंतुकों का कोई आवागमन नहीं होगा।

# स्कूल का 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुमथलागढू (2397) कुरुक्षेत्र का परीक्षा परिणाम 98..11% रहा जो की एक सराहनीय उपलब्धि है.। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल रामराज शर्मा ने बताया कि विद्यालय के 53 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 52 बच्चे उत्तीर्ण रहे, 20 छात्रों ने मेरिट हासिल की। वाणिज्य संख्या से एम एस स्वाति रानी ने 467 अंकों के सथ प्रथम स्थान, एम एस काजल ने 447 अंकों के साथ द्वितीय तथा



एम एस कोमल रानी ने 445 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।कला संकाय से मनिंदर सिंह 429 अंकों के साथ प्रथम, पायल 421 अंकों के साथ द्वितीय तथा एम एस रजनी 415 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

प्रिंसिपल रामराज शर्मा ने इस अवसर पर सभी अध्यापकों अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी व सफल छात्रों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में अहम योगदान देंगे युवा: हरविंद्र

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश का हर एक नागरिक नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। हमें जात बिरादरी से उपर उठकर देशहित के बारे में सोचते हुए मतदान करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षो में देशहित में अनेकों निर्णय लिए। भविष्य में भी हमारा देश आगे बढ़े इसके लिए हमें नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनना है।

हरविंद्र कल्याण रोड़ युवा मंच की ओर से मॉडल टाउन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा चुनाव अधिवक्ता प्रमुख अशोक सिरसी ने की। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में मनोहर लाल ने प्रदेश को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने हरियाणा की प्रगति के लिए दिन रात काम किया। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। मनोहर लाल ने सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के नारे को पूरा करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि अब मनोहर लाल को संसद में भेजने के लिए युवा शक्ति अपनी अहम भूमिका निभाएगी और मनोहर लाल को जिताने का युवा काम करेंगे। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल प्रचंड मतों से विजय हासिल करेंगे और करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी विजयी होंगे।

**वोट की अपील**

8 जात बिरादरी से उपर उठकर देशहित के बारे में सोचते हुए मतदान करना चाहिए: विधायक कल्याण

# करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए त्रिलोचन सिंह ने भरा नामांकन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह को टिकट देकर सीएम नायब सैनी के खिलाफ उतारा है। त्रिलोचन सिंह का नाम कैंडिडेट के तौर पर लगभग फाइनल तो हो चुका थाए,लेकिन औपचारिक रूप से घोषणा नहीं हुई थी। आज भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उदयभान करनाल में लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु का नामांकन भरवाने के लिए पहुंचे थे और इसी दौरान वे त्रिलोचन सिंह का टिकट भी लेकर आए थे और यहीं पर उन्होंने औपचारिक रूप से घोषणा की थी, जिससे कार्यकताओं में भारी जोश देखने को मिला।

त्रिलोचन सिंह मौजूदा समय में कांग्रेस में करनाल जिला के संयोजक है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में त्रिलोचन सिंह ने बीजेपी प्रत्याशी मनोहर लाल के सामने इलेक्शन लड़ा था। इस चुनाव में मनोहर लाल को 79 हजार 906 वोट मिले थे, जबकि त्रिलोचन सिंह को 34 हजार 718 वोट हासिल हुए थे और दूसरे स्थान पर रहे थे। अबकी बार फिर से कांग्रेस ने त्रिलोचन सिंह पर विश्वास जताया है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से पूर्व विधायक सुमिता सिंह, कांग्रेस नेता भीमसेन मेहता व अन्य कुछ नेताओं के नामों पर मंथन किया गया था, लेकिन बाद में त्रिलोचन सिंह के नाम पर मुहर लगा दी गई।

# विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में 'मजदूर दिवस' मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया
**समालखा ( कुलदीप सिंह ) चंदन**

बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में 'मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में कक्षा दूसरी के बच्चों ने भाषण , कविताएं, नाटक, नृत्य, गीत आदि की भव्य प्रस्तुति दी। बच्चों ने भाषण व नाटक के माध्यम से बताया कि मजदूर वर्ग कितनी दयनीय स्थिति से गुजर रहा है । 'मजदूर दिवस' मनाने का श्रेय अमेरिका के उन मजदूरों को दिया जाता है जिन्होंने यह आंदोलन शुरू किया जिसमें उन्होंने मजदूरी का समय 8 घंटे निर्धारित करने की



मांग रखी थी । इसमें उन्हें पूर्णतया सफलता मिली। उसी दिन से मजदूर दिवस मनाया जाने लगा। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों के कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की और उन्हें आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने मजदूर वर्ग व उनके कार्यों का महत्व समझाया और उन्हें भी सफल नागरिक बनने के लिए आशीर्वाद दिया ताकि वे भी अपने देश के लिए समय - समय पर अपना योगदान देते रहें।

# साइबर राहगिरी का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला पुलिस की साइबर थाना टीम द्वारा नूरमहल चौक व उधम सिंह चौक पर साइबर राहगिरी का आयोजन किया गया। यहा टीम द्वारा उपस्थित श्रमिकों व राहगिरों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

साइबर थाना टीम से लवकेश सिंह ने राहगिरों को बताया कि साइबर अपराध वे अपराधिक गतिविधि हैं, जिसमें कंप्यूटर, नेटवर्क या नेटवर्क डिवाइस शामिल होता है। अगर सीधे शब्दों में कहें तो साइबर अपराध में डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क का उपयोग करके की जाने वाली अपराधिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इन



अपराधों में धोखाधडी, पहचान की चोरी, डेटा उल्लंघन, कंप्यूटर वायरस, घोटाले और अन्य दुर्भावनापूर्ण कृत्यों को अंजाम देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है। लवकेश सिंह ने राहगिरों को बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए साफ्टवेयर और आपरेटिंग सिस्टम को अपडेट रखें, एंटी-वायरस साफ्टवेयर का उपयोग करें और इसे अपडेट रखें, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें, स्पैम ईमेल में कभी भी अटैचमेंट न खोलें, अविश्वसनीय वेबसाइटों के लिंक पर क्लिक न करें, जब तक आप स्वयं को पूर्णतया सुरक्षित महसूस न करें, तब तक व्यक्तिगत जानकारी न दें। यदि आपको काल करने वाली कंपनी से आपसे व्यक्तिगत जानकारी या डेटा मांगा जाता है तो फोन काट दें। जिन यूआरएल पर आप क्लिक कर रहे हैं, उन पर नजर रखें, क्या वे वैध दिखते हैं। अपरिचित या स्पैम जैसे दिखने वाले यूआरएल वाले लिंक पर क्लिक करने से बचें। अपने बैंक स्टेटमेंट पर नजर रखें। इसके साथ ही उन्होंने सभी को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के विषय में बताया कि यदि आपके साथ या आपके आसपास किसी के साथ साइबर अपराध होता है तो तुरंत 1930 पर काल करें और एनसीआरपी पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

# शिक्षिका मंजू गुप्ता ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से सोनीपत में तीन दिवसीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें मंजू गुप्ता ने मास्टर केटेगरी 84 किलो भार में गोल्ड मेडल जीता। इस चैंपियनशिप में करनाल की बेटी मंजू गुप्ता ने अपनी कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल कर करनाल के साथ-साथ कैथल का नाम रोशन किया है। वहीं मंजू गुप्ता की इस उपलब्धि पर उन्हें कैथल पॉवरलिफ्टिंग का सचिव नियुक्त किया गया।

मंजू गुप्ता ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, कोच भारत कुमार के साथ-साथ अपने पति



विकास गर्ग व सास-ससुर को दिया। मंजू गुप्ता कैथल के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जखोली अड्डा में अंग्रेजी की अध्यापिका हैं। अध्यापिका होने के साथ-साथ उन्होंने खेलों में भी अपनी रूचि जारी रखी।

मंजू गुप्ता ने बताया कि स्कूल समय से ही उनकी खेलों में रूचि थी। वह 1999 में भी स्टेट लेवल पर वॉलीबॉल की खिलाड़ी रही है। इतना ही नहीं स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बाद वह शाम के समय निरंतर प्रैक्टिस करती रहती है और अन्य महिलाओं को भी खेलों के प्रति जागरूक करती रहती है। उनका कहना है कि यदि महिलाएं खुद से खेलों में भाग नहीं लेंगी, तब तक वह आगे नहीं बढ़ पाएगी। यदि महिलाएं स्वयं आत्मनिर्भर बनें तो परिवार भी कहीं न कहीं उनकी मदद करेगा। वह चाहती हैं कि हर महिलाएं पुरूषों के साथ खड़ी हो, इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है।

**परचम**

8 पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई, मंजू ने मास्टर केटेगरी 84 किलो भार में गोल्ड मेडल जीता

मंजू गुप्ता का कहना है कि पॉवरलिफ्टिंग को लेकर कुछ लोगों की सोच है कि केवल नॉन वेज का सेवन करके ही पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अव्वल आ सकता है, जबकि ऐसा कुछ नहीं हैं। क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में कभी भी नॉन वेज का सेवन नहीं किया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेते रहना चाहिए। क्योंकि खेलों से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है। खेलों के साथ-साथ वह पढ़ाई में भी कभी पीछे नहीं रही। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में तीन-तीन मास्टर डिग्री हासिल की हैं। मंजू गुप्ता के पिता जय नारायण गोयल का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर नाज है।

# आर्य बाल भारती में मनाया श्रमिक दिवस

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में बच्चों ने भजन व कविताओं के माध्यम से विश्व श्रमिक दिवस मनायो इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की मुख्य अतिथि के रूप में कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक रहे' विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सभी का स्वागत कियो कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से हुओ मुख्य अतिथि ने प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया` कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि श्रमिक विश्व के निर्माण का आधार है` उनकी गैर मौजूदगी में मंजिल हमेशा दूर रहती



है जो आपके ख्वाबों को वास्तव में पूरा करता है उसे मजदूर कहते हैं` इसीलिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने श्रमिक कल्याण के लिए श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं श्रमिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए` उन्होंने कहा अकी देश को प्राचीन समय में सोने की चिड़िया कहा जाता था और इसका प्राचीन नाम आर्यवर्त थो उन्होंने कहा कि यूं तो प्राचीन काल से ही निर्माण कार्यों में श्रमिक वर्ग ने महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

